मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-243
07/04/2023

# मुख्यमंत्री ने राज्य स्वास्थ्य समिति के नवनिर्मित स्वास्थ्य भवन का किया उद्घाटन

पटना, 07 अप्रैल 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना के शेखपुरा में राज्य स्वास्थ्य समिति के नवनिर्मित स्वास्थ्य भवन का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित स्वास्थ्य भवन के प्रथम एवं तीसरे तल्ले का निरीक्षण किया।

तीसरे तल्ले पर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नवनिर्मित स्वास्थ्य भवन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह छह तल्ले का बना हुआ है। स्वास्थ्य भवन के विभिन्न कार्यालय, मीटिंग हॉल, सौर ऊर्जा सहित अन्य सुविधाओं के संबंध में उन्होंने जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी इच्छा थी कि स्वास्थ्य भवन जल्द बन जाए। यह भवन बनकर तैयार हो गया है। यह बेहतर बना है जहां कई प्रकार की सुविधाएं हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार चिकित्सा सेवा एवं इंफ्रास्ट्रक्चर निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री दिनेश कुमार, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम यहां आते रहे हैं। राज्य स्वास्थ्य समिति का नया भवन बनकर तैयार हो गया है। यह बड़ी खुशी की बात है। कोरोना के कारण इसके निर्माण में थोड़ा विलंब हुआ। स्वास्थ्य मंत्री समेत विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारियों के लिए यहां बैठने की व्यवस्था है। आई0जी0आई0एम0एस0 का भी हमलोगों ने काफी विस्तार कराया है। इसको हमलोग और ज्यादा विस्तृत करना चाहते हैं।

देश में कोरोना के मामले बढ़ने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 में कोरोना के शुरु होने से लेकर आज तक के प्रतिदिन की रिपोर्ट मेरे पास है। पूरे तीन साल की रिपोर्ट मेरे पास है। कोरोना को लेकर प्रतिदिन मेरे पास रिपोर्ट आती है। अभी पूरे देश में कोरोना की जितनी जांच हो रही है उसकी एक तिहाई जांच बिहार में हो रही है। देश में 10 लाख की आबादी पर कोरोना की औसत जांच 6 लाख के करीब है जबकि बिहार का 8 लाख से ज्यादा है। कोरोना के मामले घटे या बढ़े, बिहार में निरंतर कोरोना की जांच होती रहती है। बिहार कोरोना को लेकर टीकाकरण भी कराया जा रहा है। बिहार में अभी कोरोना का टीका खत्म हो गया है। इसको लेकर भारत सरकार से मांग की गई है। अभी बिहार के पटना समेत चार–पांच जिले में कोरोना के कुछ मामले सामने आये हैं। इसको लेकर बिहार में

शुरु से लोग अलर्ट हैं। इसको लेकर लोगों को सलाह दी गई है कि अस्पताल वगैरह में जाने पर मास्क लगाकर ही जायें। मेरे पास हमेशा मास्क रहता है।

बिहार में हुई हिंसा को लेकर केंद्रीय मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस के बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन लोगों से हमें कोई मतलब नहीं है। बिहार में आपस में लोगों के बीच कोई विवाद नहीं हो, इसको लेकर हमलोगों ने शुरु से काम किया है। एक—दो जगहों पर आपस में झगड़ा होने पर तुरंत उस पर काबू किया गया। यहां पर एक—एक चीज पर ध्यान दिया जाता रहा है। बिहार में यह सब नहीं होता था। आज कल कुछ हुआ है तो पूरे तौर पर इसकी जांच की जा रही है। इसको लेकर सभी लोग अलर्ट हैं। पुलिस के सभी अधिकारी इस काम में लगे हुए हैं अंदरुनी तौर पर सब कुछ पता चल जायेगा। पता चल जायेगा कि किसने यह सब किया है। गड़बड़ करने वालों को पकड़ा जा रहा है। वर्ष 2018 में एक केंद्रीय मंत्री के बेटे को भी यहां पर गिरफ्तार किया गया था। हम किसी को भी नहीं छोड़ते हैं। आज कल कुछ लोग ऐसे ही कुछ—कुछ बोलते रहते हैं। हमलोग चाहते हैं कि हिन्दू—मुस्लिम में किसी तरह का कोई झंझट नहीं हो। कहां पर क्या गड़बड़ी हुई वह समय पर पता चल जायेगा। हमने सभी को अलर्ट किया हुआ है। आपस में लोगों के बीच एकता होनी चाहिए। बिहार का माहौल काफी अच्छा था। जान—बूझकर कुछ लोग कुछ जगहों पर झंझट करता है। उसका पता लगाया जा रहा है। अभी किसी पर कुछ कहना उचित नहीं है। गड़बड़ी करने वाले लोग जब पकड़े जायेंगे तो तभी बातें सामने आ जायेगी।

देश की यात्रा पर जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जब यह सब करेंगे तो आपको पता चल ही जायेगा। उसकी चिंता आपलोग मत कीजिए।

*******